नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 317, पृष्ठ 12)
आश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत् 2083
गुरूवार, 15 अक्टूबर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	19.0°	33.0°
इंदौर	17.0°	35.0°
जबलपुर	18.0°	32.0°
ग्वालियर	22.0°	35.0°
सागर	17.0°	34.0°



राजधानी... सीएम फेलोज विकास योजनाओं के क्रियान्वयन...



खेल... वर्ल्ड टी20 कान्टिनेंट कप में खेलने की खबरों पर शिखर ...




व्यापार... बजट में एलटीसीजी टैस पर मिल सकती है राहत...



देश-विदेश... यूएनएचआरसी में तीसरी बार सदस्य चुना गया ...

मां स्कंदमाता



नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की उपासना की जाती है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम दिया गया है। भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं।

खास-खबरें

आरएसएस पथ संचलन पर हाई कोर्ट के सवाल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को रैली और पथ संचलन की अनुमति नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने राज्य पुलिस से सवाल किया कि जब जम्मू-कश्मीर जैसे आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र में संघ के कार्यक्रमों को अनुमति दी जा सकती है, तो तमिलनाडु में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। अदालत ने इस मामले में तमिलनाडु पुलिस से अनुमति नहीं देने के कारणों पर सवाल उठाए। यह मामला राज्य में आरएसएस के पथ संचलन और रैली आयोजित करने की अनुमति से जुड़ा है। इधर, यूट्यूबर ध्रुव राठी की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। दिल्ली की साकेत अदालत ने एक मामले में उनके गुरुग्राम स्थित आवास पर नए सिरे से समन भेजने का आदेश दिया है।

कैबिनेट ने सामाजिक सहायता योजना के लिए 53428 करोड़ किए मंजूर

दिव्यांग पेंशन की पात्रता 80 प्रतिशत से घटाकर 40 की



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए पेंशन योजना के पात्रता नियमों में बदलाव किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके लिए 53,428 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार, दिव्यांगता पेंशन के लिए न्यूनतम आयु की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। अब जन्म से ही पात्र दिव्यांगजन पेंशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही बेंचमार्क दिव्यांगता की न्यूनतम सीमा 80% से घटाकर 40% कर दी गई है। यह बदलाव दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत किया गया है।

उम्र के अनुसार मिलेगी मासिक सहायता

योजना के तहत 0 से 79 वर्ष की आयु के पात्र दिव्यांगजनों को हर महीने 375 रुपये की सहायता देने का प्रावधान है। वहीं, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों को प्रतिमाह 625 रुपये मिलेंगे। यह योजना पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, दिव्यांगजनों को मिलने वाली सहायता अन्य संबंधित श्रेणियों की तुलना में कम से कम 25 प्रतिशत अधिक रखी जाएगी।

योजनाओं के नाम भी बदले

मंत्रिमंडल के फैसले के बाद राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का नाम बदलकर प्रधानमंत्री सामाजिक सहायता योजना कर दिया गया है। इसके अंतर्गत आने वाली योजनाओं के नाम भी बदले गए हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना अब प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना कहलाएगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का नाम प्रधानमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का नाम प्रधानमंत्री विधवा पेंशन योजना किया गया है। इसी तरह राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना अब प्रधानमंत्री परिवार लाभ योजना के नाम से जानी जाएगी।

रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस

केंद्र सरकार ने रेलवे के 11.40 लाख से अधिक कर्मचारियों को दीपावली से पहले बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पात्र अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता आधारित बोनस देने की मंजूरी दी गई। इस पर कुल 2009.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार के अनुसार, इस निर्णय से रेलवे के 11,40,770 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 बोनस दिया जाएगा। यह राशि कर्मचारियों के प्रदर्शन और उत्पादकता के आधार पर निर्धारित व्यवस्था के तहत दी जाती है। आमतौर पर दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले पात्र कर्मचारियों को यह बोनस दिया जाता है। बोनस का लाभ ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन सहायक, पॉइंट्समैन, मंत्रालय के कर्मचारियों और समूह 'सी' के अन्य पात्र कर्मचारियों को मिलेगा। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे का प्रदर्शन बेहतर रहा। इस दौरान रेलवे ने 167 करोड़ टन माल की ढुलाई का रिकॉर्ड बनाया और करीब 7.41 अरब यात्रियों को यात्रा कराई।

प्रो. बेदिया बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रो. दीनदयाल बेदिया को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का नया कुलगुरु नियुक्त किया है। प्रो. बेदिया वर्तमान में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान में प्रोफेसर हैं। उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष या 70 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक रहेगा।

नीला ड्रम हत्याकांडः मुस्कान-साहिल को मौत की सजा

नईदुनिया ब्यूरो, मेरठः मेरठ के चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में जिला एवं सत्र अदालत ने दोषी मुस्कान और साहिल शुक्ला को मौत की सजा सुनाई है। हालांकि, अदालत के फैसले के बाद दोनों को तुरंत फांसी नहीं दी जा सकती। मृत्युदंड लागू होने से पहले कई कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। दोनों के पास हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दाखिल करने के



विकल्प मौजूद हैं। यह मामला मार्च 2025 में सामने आया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 3 मार्च 2025 को सौरभ राजपूत की हत्या की गई थी। इसके बाद उनके शव के टुकड़े कर नीले ड्रम में रखे गए और सीमेंट से बंद कर दिया गया था। पुलिस ने मामले में मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को 19 मार्च 2025 को गिरफ्तार किया था। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य और गवाहों के बयान पेश किए। रिपोर्टों के अनुसार, सुनवाई के दौरान 22 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

लाड़ली बहनों के खातों में 1834 करोड़ अंतरित

उमरिया को 144 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम गुरुवाही में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 41वीं किस्त जारी की। इसके तहत प्रदेश की करीब 1.25 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 1834 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर रीफिल अनुदान के लिए 115 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सच्चा वादा-पक्का काम के भाव से जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जा रहे हैं। जून 2023 में योजना शुरू होने के बाद अब तक 41 किस्तों के माध्यम से सहायता राशि दी जा चुकी है। योजना के तहत अब तक 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक अंतरित किए गए हैं। डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश की 23 लाख से अधिक महिलाओं को गैस सिलेंडर रीफिल अनुदान के लिए 115 करोड़ रुपये से अधिक दिए गए हैं। राज्य सरकार महिला कल्याण के लिए 47 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान कर चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 65 लाख महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जिनमें 25 प्रतिशत लखपति दीदियां हैं।

मुख्यमंत्री ने उमरिया जिले में 144 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 136 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इनमें 87 करोड़ रुपये के 68 कार्यों का लोकार्पण और 57 करोड़ रुपये के 68 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। उन्होंने उमरिया में सांदीपनि विद्यालय खोलने, मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनाने और उसे सिविल अस्पताल का दर्जा देने की घोषणा की।



	125	NS 125	N160 S/SS	RS 200	N250	NS 400
एक्स-शोरूम कीमत	₹94 223/-	₹1 02 430/-	₹1 20 390/-	₹1 81 885/-	₹1 45 276/-	₹1 86 015/-
कैश ऑफर	₹2 500/-	₹2 500/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹5 000/-
PF सेविंग्स + 5 फ्री सर्विसेस	₹3 500/-	₹3 700/-	₹4 500/-	₹5 900/-	₹4 900/-	₹7 000/-
कुल बचत	₹6 000/-	₹6 200/-	₹7 500/-	₹8 900/-	₹7 900/-	₹12 000/-

Flipkart | amazon.in पर भी उपलब्ध*
10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत केवल सीमित समय तक लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैश ऑफ़र से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. लागू होने वाले ऑफर अलग-अलग मॉडल या क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. बताई गई एक्स-शोरूम कीमतें संबंधित मॉडल के बेस वैरिएंट की हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: • **Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000 • **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9993377326 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Betul** Ashmit SACHIN BAJAJ 9827063930 • **Chhatarpur** TIKARIYA BAJAJ 248027 • **Guna** KK BAJAJ **7303055855**• Harda SURJEET BAJAJ 9926004248 • **Itarsi** SMH BAJAJ 7000805580 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sagar:** SHASHANK BAJAJ 07582-356702 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ **8225023340/9826023340**• **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436 • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 220590. • **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436.